## खबर संक्षेप

### विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों की शिकायतों और सुझावों को ध्यान से सुनकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

### उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह 6 से 9 नवंबर तक मैहर में

**मैहर।** मैहर में उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का आयोजन 6 से 9 नवंबर तक दशहरा मैदान में होगा।गुरुवार को मैहर कलेक्ट्रेट में सांसद गणेश सिंह की मौजूदगी में इस समारोह को लेकर एक बैठक हुई,जिसमें विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### दशलक्षण पर्व पर मुनिश्री ने उत्तम तप का बताया महत्व

**कटनी।** दि.जैन समाज पंचायत समिति के द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्व कें सांतवे दिन जैन बोर्डिंग हाउस में मुनिश्री पदम सागर महाराज ने उत्तम तप धर्म पर चर्चा करते हुये कहां उत्तम तप का वर्णन पूजा में आता है। तप चाहे सुर राह परम शिखर को वज्र है अर्थात देवों के भी अधिपति इन्द्र जिस तप को चाहते है वे चाह कर भी तप नहीं कर सकते उन्हें तप करने के लिए मनुष्य पर्याय को प्राप्त करना होगा। मुनि श्री ने आगे कहा कि उत्तम तप द्रव्य कर्म और भावकर्म रूपी पर्वत को नाश करने के लिये वज्र के सामान है। तप दो प्रकार के होते है आहार का संयम, याने वाह्य तप, अनशन,अवमौदर्य, व्रत परिसंख्यान, काय-उत्सर्ग, अर्थात शरीर और दूसरा अंतरंग तप होता है। जिसमें प्रायशिचत,विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय,व्युत्सर्ग, और ध्यान। मुनिश्री ने आगे कहा कि अंतरंग और बहिरंग दोनो से आत्मा की कर्मवंदन से शुद्धि होती है और आत्मा मोक्ष के पद पर अग्रसर होती है। शांतिधारा करने का सौभाग्य विनय वंदना जैन मिर्जापुर, हाउसिंग बोर्ड के श्रद्धालु बन्धुओ को देव कुमार शास्त्री परिवार, सनत सिंघई को प्राप्त हुआ ।

### घुमंतु मवेशियों को हटाने की गई कार्यवाही

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हांका गेंग द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु रोजाना अभियान चलाकर विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों की सुगम यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे मवेशियों को मार्ग से पृथक करने के साथ ही काउ कैचर वाहन के माध्यम से गौशाला एवं कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि हांका गेंग के माध्यम से विगत रात्रि पन्ना मोड़ मुख्य मार्ग, कुठला थाना, ट्रांसपोर्ट नगर, चाका बाईपास मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, जिला न्यायालय मुख्य मार्ग, झिंझरी एवं पीरबाबा पहुंच मार्ग में आवारा रूप से विचरण कर यातायात एवं सफाई व्यवस्था को बाधित कर रहे मवेशियों को मार्ग से अलग कर गौशाला एवं कांजी हाउस भेजनें की कार्यवाही हांका गेंग की टीम द्वारा की जाकर सुगम आवागमन मुहैया कराने के प्रयास किये गए।

### पर्वों में विशेष सफाई

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गणेश उत्सव, पर्युषण पर्व एवं आगामी ईद मिलाजुन्नबी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मंदिरों गणेश पंडालों, घाटों जैन मंदिरों, जैन बोर्डिंग सहित विभिन्न मस्जिद के आसपास तथा पहुंच मार्गो की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी जारी है।

सांसद दुःखी, विधायक कलेक्टर से मिले

# खाद संकटः किसानों की पीड़ा और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप

**सतना।** किसानों को खाद के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है,जहां सत्ताधारी और विपक्षी दोनों ही दल किसानों के हितैषी बनकर सामने आ रहे हैं। वहीं,भाजपा सांसद गणेश सिंह ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि किसानों की लंबी-लंबी लाइनें देखकर उन्हें बेहद दुख हो रहा है। सांसद गणेश सिंह ने अपने पत्र में वितरण प्रणाली में पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि निजी दुकानों पर किसानों को ऊंचे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उनका कहना है कि सरकारी डबल लॉक व्यवस्था से सिर्फ उन्हीं किसानों को खाद मिल पा रही है,जो सहकारी समितियों के सदस्य हैं,और उन्हें भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही। इससे बड़ी संख्या में छोटे किसान,जिनका रकबा कम है,भटकने के लिए मजबूर हैं। गणेश सिंह ने जिला प्रशासन से इस समस्या के तत्काल समाधान का आग्रह करते



हुए कहा कि उनकी पार्टी और वे स्वयं प्रशासन को हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। उनका यह बयान दर्शाता है कि भाजपा सरकार इस मुद्दे को लेकर चिंतित है और चुनावी साल में किसानों की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती। वहीं,विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी इस मामले में सक्रिय हैं। उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को उठाया है। विपक्षी दल के नेता के रूप में,विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा इस मुद्दे को सरकार की नाकामी के तौर पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे लगातार यह संदेश दे रहे हैं कि राज्य की मौजूदा सरकार किसानों की जरूरतों को पूरा करने में विफल रही है। खाद संकट एक बार फिर मध्य प्रदेश की राजनीति में एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। सरकार और प्रशासन जहां इस समस्या को तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियों के रूप में देख रहे हैं,वहीं राजनीतिक दल इसे किसानों के बीच उनका हितैषी होने की बात से जोड़कर देख रहे हैं।भाजपा सांसद गणेश सिंह का पत्र और विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की कलेक्टर से मुलाकात,दोनों ही इस बात का प्रमाण हैं कि किसानों की समस्या किसी भी राजनीतिक दल के लिए उपेक्षित नहीं की जा सकती। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस समस्या का समाधान कितनी जल्दी और कितनी प्रभावी ढंग से कर पाती है।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर भाजपा जिलाध्यक्ष की तीखी प्रतिक्रिया

**सतना।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के उस बयान पर,जिसमें उन्होंने आदिवासियों को हिंदू समाज से अलग बताया था,भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से ही सनातन विरोधी रही है,और इसी कारण उसके नेता समय-समय पर हिंदू संस्कृति पर हमला करते रहते हैं। श्री पांडे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और गांधी परिवार की नीति हमेशा 'फूट डालो और राजनीति करो' की रही है,और उमंग सिंघार का बयान भी उसी मानसिकता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासी समाज की जड़ों को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आदिवासी समाज को सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि इस समाज ने सदैव हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के बयान को न केवल आदिवासी संस्कृति का अपमान बताया,बल्कि उन वीर सपूतों के बलिदान को भी ठेस पहुंचाने वाला बताया जिन्होंने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया।श्री पांडे ने मांग की कि इस गैर-जिम्मेदाराना बयान के लिए केवल उमंग सिंघार ही नहीं,बल्कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को भी आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए।



### भाजपा मीडिया प्रभारी ने साधा कांग्रेस पर निशाना,'डूबता हुआ जहाज' बताया

**सतना।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए उसे 'डूबता हुआ जहाज' बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं,जिससे कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है और इसीलिए उसके नेता बिना सोचे-समझे विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंन ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी कभी महिलाओं को शराब पीने से जोड़ती है तो कभी माँ का अपमान करती है। उन्होंने इसे कांग्रेस की असली संस्कृति बताया। इसके विपरीत,उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश को विकास की दिशा में नई ऊँचाइयाँ दी हैं,जिससे जनता का भरोसा भाजपा पर और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने जनता का विश्वास पूरी तरह खो दिया है,जबकि भाजपा सरकार पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगा।

## माई के धाम को व्यवस्थित करना मेरी नैतिक ज़िम्मेदारीः सीएमओ

**मैहर।** मैहर सीएमओ सुषमा मिश्रा ने कहा है कि शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह मैहर माई का धाम है,और इसे व्यवस्थित रखना उनकी ज़िम्मेदारी है। सीएमओ ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को हटाने से पहले उन्हें वैकल्पिक जगह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि रुई मंडी में 36,घंटाघर के पास 14,और पुरानी सब्जी मंडी में कई ठेला वालों को जगह दी गई है। इसके अलावा,चाट-फुल्की वालों के लिए अग्रसेन चौक और संकुठा तालाब के पास जगह तय की गई है।सीएमओ ने चेतावनी दी है कि जो लोग तय की गई जगह पर नहीं जाएंगे,उनके सामान और ठेले ज़ब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



### वैकल्पिक व्यवस्था के हटाना अन्यायः त्रिपाठी

वहीं,जनपद पंचायत मैहर के उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध किया है। उन्होंने तहसीलदार और सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ठेला व्यवसायियों को बिना कोई दूसरा विकल्प दिए हटाना गरीबों के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह कार्रवाई जारी रही,तो वे जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## डालीबाबा रामलीला समाज 115वें वर्ष का भव्य आयोजन करेगा, स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मंच

**सतना।** श्री डालीबाबा रामलीला समाज के तत्वावधान में इस वर्ष 115वें श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया जाएगा। डालीबाबा आश्रम के पूर्व महंत स्वर्गीय बदीदास जी महाराज ने 1910 में इस रामलीला की नींव रखी थी,जो निरंतर 114 वर्ष पूरे कर अब 115वें आयोजन की ओर अग्रसर है। स्वर्गीय महंत बदीदास के बाद स्वर्गीय महंत जगन्नाथ दास जी,महंत रामसिया दास जी,और महंत मोहन दास जी महाराज ने इस परंपरा को जारी रखा। वर्तमान में,आश्रम के महंत पीयूष दास जी महाराज के मार्गदर्शन में डालीबाबा रामलीला समाज का संचालन किया जा रहा है। महंत पीयूष दास ने बताया कि रघुनाथ जी की कृपा और पूर्व महंतों के प्रयासों से यह आयोजन कभी बंद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की जरूरतों के अनुसार,आधुनिक साज-सज्जा और जिले के श्रेष्ठ कलाकारों के मनोहरी अभिनय के साथ डालीबाबा रामलीला समाज अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। यह आयोजन जिले के स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान करेगा।

### प्रशासन के सहयोग से भव्य होगा आयोजन, महापौर ने नए मंच के निर्माण की घोषणा की

श्री डालीबाबा रामलीला को वर्तमान में महंत पीयूष दास जी के प्रयासों से जिला प्रशासन,नगर पालिक निगम सतना और शहर के धार्मिक व व्यापारिक संगठनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।महंत ने बताया कि रामलीला का मंच काफी पुराना होने के कारण जर्जर अवस्था में है,जिससे मंचन में कुछ कठिनाइयाँ आ रही हैं। इसे देखते हुए नगर पालिक निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने एक नवीन और आधुनिक मंच के निर्माण की घोषणा की है।आने वाले समय में एक सर्व-सुविधा युक्त सुंदर रंगमंच बनकर तैयार होगा,जिससे रामलीला समारोह को नया और भव्य स्वरूप दिया जा सकेगा।

### रामलीला का मंचन 17 सितंबर से होगा शुरू

इस वर्ष 115वें श्री रामलीला महोत्सव का मंचन 17 सितंबर से 'नारद मोह' की लीला के साथ प्रारंभ होगा। महोत्सव का समापन 2 अक्टूबर को मैत्री बाग पार्क के सामने मैदान में भव्य दशहरा समारोह के साथ होगा,और इसके बाद 4 अक्टूबर को भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला समारोह संपन्न होगा। महोत्सव से पहले,डालीबाबा रामलीला का मुकुट पूजन 5 सितंबर, 2025 को मैहर अखाड़ा श्री पीठाधीश्वर पूजनीय सीतावल्लभशरण जी महाराज द्वारा श्री राम जानकी मंदिर, डालीबाबा आश्रम में संपन्न होगा। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक और कलाकार मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त,श्री डालीबाबा रामलीला समाज के कलाकारों के लिए एक कार्यशाला 7 सितंबर,2025 से शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ कलाकार ददोली पांडेय कलाकारों को प्रशिक्षण देंगे। इच्छुक रामलीला कलाकार इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित हैं।

## गणेशोत्सव की धूम, चौरसिया राम मंदिर में चांदी की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र



**मैहर।** जिले में गणेशोत्सव का उत्साह चरम पर है। चौरसिया समाज द्वारा राम मंदिर प्रांगण में चांदी से बनी गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां मां शारदा मंदिर के सेवक पुजारी नितिन महाराज ने विशेष पूजा-अर्चना की। इसके अलावा,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने महाराजा अग्रसेन कंप्यूटर कॉलेज में गणेश जी की महाआरती की और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव समाज को एकता और भाईचारे का संदेश देता है। शहर के पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है,और जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारे हो रहे हैं।

### आकर्षण का केंद्र बनी 11 स्टार गणेश उत्सव समिति की प्रतिमा

पंजाबी गुरुद्वारा के पास स्थित 11 स्टार गणेश उत्सव समिति की गणेश प्रतिमा भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है।



### सरकारी ज़मीन पर अवैध खनन, हर महीने करोड़ों का चूना

**मैहर।** जिले में सरकारी ज़मीनों से अवैध तरीके से मिट्टी निकाली जा रही है। खनिज विभाग और भू-माफियाओं की मिलीभगत से यह काम खुलेआम हो रहा है,जिससे सरकार को हर महीने करोड़ों रुपयों का नुकसान हो रहा है। इसके चलते गांवों में बड़े-बड़े गड्ढे और तालाब बन रहे हैं,जिनमें आए दिन हादसे हो रहे हैं। बेरमा से झुकेही तक बड़े पैमाने पर जेसीबी,ट्रैक्टर और ट्रक के ज़रिए दिन-रात मिट्टी निकाली जा रही है। इसका इस्तेमाल नेशनल हाईवे और गांवों में चल रहे निर्माण कार्यों में हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें बेरमा सरपंच,कुछ अधिकारी और खनिज विभाग के लोग शामिल हैं। एक वायरल वीडियो में एक व्यक्ति साफ तौर पर कह रहा है कि मिट्टी सीधे सरपंच के घर जा रही है। इस वीडियो में एक ट्रक नंबर एमपी19 एच ए 1124 में मिट्टी लोड होती दिख रही है। अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई,तो इन सरकारी ज़मीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

## एकेएस यूनिवर्सिटी के राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में दीक्षारंभ का दूसरा दिन सर्टिफिकेट प्रोग्राम 2025 का समापन



**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी के राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में चल रहे दीक्षारंभ कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत 3 और 4 सितंबर को सर्टिफिकेट प्रोग्राम का सफल आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र की बुनियादी संरचना,अवसरों और नवीनतम करियर संभावनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो. बी.ए. चोपड़े,रजिस्ट्रार डॉ. आर. एस. त्रिपाठी,प्रतिकुलपति, डॉ.हर्षवर्धन,परीक्षा नियंत्रक डॉ. शेखर मिश्रा, आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो.जी.सी.मिश्रा,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.महेंद्र तिवारी तथा निदेशक ब्रजेंद्र सोनी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।इनकी गरिमामयी उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया और कार्यक्रम को विशिष्ट महत्व प्रदान किया। विशेष सत्र में पुणे स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मेसी एजुकेशन एंड रिसर्च के मानद निदेशक डॉ.महेश बुरांडे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर बुरांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।कार्यक्रम का समापन अतिथियों का स्वागत शाल-श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर किया गया।यह आयोजन फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में हुआ और विद्यार्थियों के करियर निर्माण में एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ। पहले दिन के कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर डॉ.मधु गुप्ता और आशुतोष जैन रहे जबकि दूसरे दिन के कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रभाकर तिवारी और नेहा गोयल रहे।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के 'दिल्ली चलो' अभियान का सतना में भव्य स्वागत




**सतना।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा 1 सितंबर को रीवा से दिल्ली के लिए रवाना हुई 'दिल्ली चलो' डेलीगेट स्पेशल ट्रेन का सतना रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। यह ट्रेन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के 31वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने जा रहे कामगार रेल साथियों को लेकर जा रही थी। मजदूर संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ प्रतिनिधियों का स्वागत किया। सभी कामगारों के माथे पर तिलक लगाकर और फूल मालाएं पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस दौरान प्रतिनिधियों को विजय भवः का आशीर्वाद देकर दिल्ली के लिए विदा किया गया। 31वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने,उत्पादकता बोनस की सीलिंग को बढ़ाकर 46,159 करने,8वें वेतन आयोग का नोटिफिकेशन जल्द जारी करने,रेलवे के निगमीकरण को बंद करने और रिक्त पदों को भरने जैसी प्रमुख मांगों पर जोर दिया जाएगा। इस भव्य स्वागत के अवसर पर अवध गोपाल मिश्रा,नीरज राज,दीपक गौतम,मुकेश कुमार,सूरज, शशिकांत,आकाश,तशिश सरकार,आदित्य पांडेय,आकर्ष प्रताप,दीपेंद्र मिश्रा और अन्य सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे।

### पवित्र धाम रामवन में हुआ रामचरित मानस का भव्य आयोजन

**रामपुर बघेलान,सतना।** पवित्र एवं पर्यटक स्थल रामवन में, रामपुर बघेलान जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय द्वारा एक भव्य श्रीराम चरित मानस का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में,रामपुर बघेलान विधायक सहित क्षेत्र के हजारों लोगों ने भगवान राम के पावन नाम का श्रवण किया। मानस पाठ के बाद,सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने रामवन की पवित्रता और धार्मिक महत्व को और बढ़ा दिया।



## वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

**हरिभूमि न्यूजः ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा तहसील में अतिक्रमण हटाने को लेकर गहमा गहमी का माहौल बन गया। वन विभाग की टीम करीब 100 एकड़ सरकारी जमीन से भरतपुर गांव के आदिवासियों द्वारा खेती के लिए तैयार की जा रही थी। वन विभाग की कार्रवाई का विरोध करते हुए, सैकड़ों आदिवासी महिला और पुरुष जेसीबी मशीनों पर चढ़ गए और टीम को काम करने से रोक दिया। वन विभाग के एसडीओ जया पांडे और रेंजर अजय मिश्रा अपनी टीम के साथ दो जेसीबी मशीनें लेकर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस सरकारी जमीन पर अवैध रूप से खेती की तैयारी की शिकायत मिली थी। जैसे ही टीम ने काम शुरू किया, गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालात तनावपूर्ण होने पर, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से एक सप्ताह के भीतर जमीन खाली करने के लिए कहा।

## खबर संक्षेप

### श्रीमती शीला रावत का निधन



**पन्ना।** जिले के बड़वारा ग्राम निवासी डॉक्टर राजाराम रावत की माताजी श्री मती शीला रावत पति गणेश रावत का दुखद निधन हो गया है ।श्रीमती रावत 80 वर्ष की थी और काफी समय से अस्वस्थ थी।श्रीमती रावत का ग्रह ग्राम बड़वारा मे अंतिम संस्कार किया गया है। श्रीमती रावत राज कुमारी गोस्वामी, राजाराम रावत ,आशाराम रावत ,रामकली व्यास की माता जी थी।विनोद गोस्वामी, प्रवेश व्यास की सास माता थी।श्रीमती रावत के निधन पर जिले के समाजसेवियो, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधुओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है एवं मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### दस लक्षण पर्युषण महापर्व पर पवई में जिनेन्द्र भगवान की दस धर्मों के साथ वृहद पूजन



**पवई।** दस लक्षण पर्यूषण महापर्व पर दिगंबर जैन मंदिर पवई में प्रतिदिन सावन माह के शुक्ल पक्ष पंचमी से प्रतिदिन 1008 श्री जिनेंद्र भगवान की बृहद शांति धारा एवं भक्ति भाव के साथ दस धर्म उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप , उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन, उत्तम ब्रह्मचर्य थर्म की पूजा और आराधना जैन समाज के श्रावको द्वारा की जा रही है। प्रतिदिन 10 दिनों तक त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास के साथ भक्ति भाव पूर्वक जिनेंद्र भगवान की आराधना चल रही है एवं सायं 7:00 बजे से जिनेन्द्र भगवान की आरती शाष्त्र बाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जैन महिला मंडल पवई अध्यक्ष श्रीमती रजनी जैन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक श्रीमती स्वाति जैन ने बताया कि आज नवमें दिन उत्तम आकिंचन धर्म की विशेष पूजन की जाएगी तथा कल अनंत चतुर्दशी को भगवान श्रीजी की प्रतिमा बाहर विराजमान करते हुए 24 घंटे का जागरण के साथ विशेष भक्ति भाव से भगवान की आराधना चलेगी ।

### जगुआ में कई महीने से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

**बरही।** तहसील अंतर्गत जगुवा के स्कूल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर कई महीनों से खराब होकर बंद पड़ा है। गांव के करीब 200 कनेक्शनधारी अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। जंगली जानवरों का खतरा मंडराता रहता है कुछ महीने पहले वहीं स्कूल परिसर के पास बाघ ने एक आदमी पर हमला कर घायल कर दिया था। बफर जोन जंगल का एरिया कुछ ही दूर से सटा हुआ है आये दिनों जंगली जानवरों का मोमेंट बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि कई बार विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खितौली जेई को मौखिक व लिखित सूचना व 181 में व 1912 में शिकायत दर्ज कराई गई पर आज दिनांक तक सुधार नहीं हुआ। स्कूल परिसर में वैसे ही खतरा बना रहता है। बड़ी लाइन स्कूल परिसर के पास लगी हुई है। करंट 24घंटे बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है की स्कूल परिसर से ट्रांसफार्मर हटाकर दूसरे स्थान में परिवर्तित किया जायें जिससे कनेक्शनधारियों को भी बिजली मिल सकें विद्युत मंडल के अधिकारी नहीं सुन रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक को आवेदन पत्र देकर विद्युत समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।

### वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइकें बरामद

**कटनी।** माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने दो बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से बाइक बरामद कर ली गई हैं।

# जघन्य एवं सनसनीखेज मामले में हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना की सजा

**पन्ना।**

**कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, महिला कलही पत्नी स्व. रामआसरे केवट निवासी ग्राम कगरे का बारा बकरियां चराने का काम करती थी। वह कभी-कभी गांव की अन्य महिला रूचि कहार के साथ बकरियां चराने के लिए जंगल जाती थी।**

अभियुक्त राजाराम केवट ने दिनांक 28-06-2024 को दिन में करीब 3:00 बजे ग्राम कगरे का बारा में महिला कलही के घर आकर उससे बोला कि वह रूचि कहार के साथ बकरियां चराने के लिए नहीं जाया करे। तभी महिला कलही ने अभियुक्त से कहा कि वह रूचि कहार के साथ बकरियां चराने के लिए जाएगी। तभी अभियुक्त राजाराम महिला कलही से वाद-विवाद करने लगा और उसे देख लेने की धमकी दी। उस समय कलही के लड़के रामकेश केवट ( प्रकाश, आशा केवट, एवं हरीप्रसाद केवट घर में मौजूद थे। इसके कुछ देर बाद महिला कलही अपनी बकरियां लेकर घर से जंगल की तरफ जा रही थी। उसी समय अभियुक्त राजाराम केवट कुल्हाड़ी लेकर महिला कलही के पीछे जाने लगा। महिला कलही के लड़कों रामकेश हरीप्रसाद एवं प्रकाश अभियुक्त के पीछे गए। महिला कलही शाम के 4:00 बजे जैसे ही मोटे के हार में भानपुर के अहिरवार के झाड़ियों वाले खेत में पहुंची तभी अभियुक्त राजाराम केवट ने महिला कलही पर पीछे से कई बार कुल्हाड़ी से प्रहार किये जिससे महिला कलही चित्त अवस्था में गिर गयी तभी अभियुक्त राजाराम ने सामने से कलही पर कुल्हाड़ी से कई प्रहार किए। कलही के सिर गर्दन दाढ़ी कंधे में कुल्हाड़ी के गंभीर घाव कारित हुए। कलही के लड़कों रामकेश हरीप्रसाद एवं प्रकाश ने घटना देखी और वे चिल्लाए तभी अभियुक्त राजाराम केवट कुल्हाड़ी लेकर वहां से भाग गया। कलही के लड़कों ने अपनी मां के नजदीक जाकर उसकी गर्दन सिर दाढ़ी कंधे व अन्य अंगों में चोटें देखीं। उनकी मां के खून निकल रहा था और वे बेहोश थीं तथा उसकी मृत्यु हो गयी। अभियुक्त ने रूचि कहार के साथ बकरियां ले जाने की बात पर से महिला कलही की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। आरक्षी केन्द्र अजयगढ के निरीक्षक श्री बखत सिंह ठाकुर को घटना की सूचना मिलने पर वे घटना स्थल पर पहुंचे और वहां फरियादी रामकेश केवट की सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेशन तथा देहाती नालसी अंतर्गत धारा 302 भादवि0 लेख की गई। दौरान विवेचना विवेचनाधिकारी के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्षियों से पूंछतांछ कर उनके कथन बताये अनुसार लेख किए तथा साक्ष्य संकलित कर विवेचना के पश्चात आरोपी के विरूद्ध अपराध किया जाना प्रमाणित पाये जाने पर मामले को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से प्र0 सहायक निदेशक अभियोजन श्री दिनेश खरे के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य को न्यायालय के समक्ष क्रमबद्ध रूप से लेखबद्ध करा कर अभियोजन की कहानी को संदेह से परे प्रमाणित किया। तथा आरोपी के कृत्य को गंभीर प्रकृति का अपराध मानते हुए माननीय न्यायालय से उसे कठोर से कठोर सजा दिये जाने का निवेदन किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य तथा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों और न्यायिक दृष्टांन्तों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय प्रधान सत्र न्यायाधीश श्री राजाराम भारतीय के द्वारा आरोपी राजाराम केवट को भारतीय दंडसंहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास और 5,000/-रूपये के अर्थदण्ड से तथा अर्थदण्ड के संदाय मे व्यतिक्रम होने पर उसे 01 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया।


## ग्राम पंचायत बड़वारा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सांसद निधि से बन रही लगभग 25 लाख की बाउंड्रिसन और सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य

### इंजीनियर घर बैठे निर्माण कार्यों का कर लेते हैं निरीक्षण




**देवेन्द्रनगर।** जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत बडवारा में घटिया मैटेरियल व गुणवत्ता को दरकिनार कर हो रहा निर्माण जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा निरीक्षण। सांसद निधि के तहत बनी बाउंड्रीवाल निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसमें घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने और मानकों के अनुरूप कार्य न कराने के आरोप लगाए गए हैं, जिसके कारण निर्मित बाउंड्रीवाल का कार्य शुरू होने के पहले ही खत्म हो गई है।

यह घटना पन्ना जिले के जनपद पंचायत पन्ना के ग्राम पंचायत बड़वारा की है, जहाँ सुंघा बाबा मंदिर के पास बन रही बाउंड्रीवाल बनने के पहले ही ध्वस्त हो गई है। क्या हुआ? धरातल पर गुणवत्ता में कमी- स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि सांसद निधि की करीब 25 लाख रुपये से बनी बाउंड्रीवाल घटिया सामग्री और मानक के विरुद्ध बनाई गई है। भ्रष्टाचार की भेंटरू यह घटना इस बात का संकेत देती है कि केंद्र सरकार की नीतियों के बावजूद, सरकारी विभागों और कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो मोहन सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के विपरीत है।



**जाँच की मांग-**

ग्राम वासियों द्वारा विरोध करने के बाद अब सरकार और संबंधित अधिकारी इस मामले की जाँच करेंगे या भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई करेंगे।या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## खाद, स्मार्ट मीटर, सीसी रोड, निराश्रित पशु व वन विभाग की तानाशाही के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**ब्लॉक कांग्रेस अजयगढ़ व धरमपुर के द्वारा राज्यपाल के नाम अजयगढ़ एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन**



**अजयगढ़।** खाद वितरण में समस्या से पूरे मध्य प्रदेश में किसानों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। आज 3 सितंबर 2025 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अजयगढ़ और धरमपुर के द्वारा संयुक्त रूप से अजयगढ़ एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर बताया गया है कि किसान खाद की भीषण समस्या से परेशान हैं। किसानों को बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। भोर सवेरे से शाम तक भारी भीड़ के बीच लाईन में खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं मिल रही है जिससे वितरण व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। सरकार द्वारा यूरिया व डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराई गई। अजयगढ़ क्षेत्र के कई ग्रामों में सीसी रोड तोडकर पाइप लाइन डाली गई उसके बाद सीसी रोड की सही तरीके से मरम्मत नहीं कराई गई जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं उक्त तोड़ी गई सीसी रोडों की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए। बिजली विभाग द्वारा लगाये गये स्मार्ट मीटरों से भारी भरकम बिल आने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं उक्त समस्या के भी निराकरण की मांग उठाई गई है। निराश्रित पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं एवं किसानों की फसलों के नुकसान का स्थाई समाधान की मांग उठाई गई है। वन विभाग द्वारा गरीब किसानों और आदिवासियों की जमीने जीने जाना बंद करवाने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दादूराम मिश्रा एवं कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद सिंह बुंदेला सहित काफी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। शीघ्र मांगें पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## 100 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त

# अजयगढ़ परिक्षेत्र की मझपटिया बीट में बड़ी कार्रवाई

**अजयगढ़।**

उत्तर वन मंडल पन्ना के अजयगढ़ परिक्षेत्र अंतर्गत बीट मझपटिया के कक्ष क्रमांक पी-212, वन खंड बीरा में काबिज अवैध अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर लगभग 100 हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक, वन वृत छतरपुर एवं वनमंडलाधिकारी उत्तर पन्ना के मार्गदर्शन तथा उपवनमंडल अधिकारी विश्रामगंज के निर्देशन में की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ पंकज दुबे के नेतृत्व में गठित दल ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद क्षेत्र में सी.पी.टी. खुदाई कर घेराबंदी सुनिश्चित की गई है। साथ ही यहां व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण प्रस्तावित किया गया है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक अजयगढ़ मुकेश रैकवार, बीट प्रभारी मझपटिया अयाज खान, बीट गार्ड दमचुआ रामनरेश राजपूत, कार्यवाहक वनपाल अनुपमा चुटेले तथा समिति सुरक्षा श्रमिकों की अहम भूमिका रही।



**इनका कहना है-**

"अतिक्रमण मुक्त कराए गए इस क्षेत्र में वृक्षारोपण होने से न केवल वनों का संरक्षण होगा बल्कि पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।"

**पंकज दुबे वन परिक्षेत्र अधिकारी**

## आजादी से आज तक नहीं मिली तो ग्रामों को पक्की सड़क नार्कीय जीवन जीने को मजबूर पिपरिया खुर्द एवं मढ़िया राव के ग्राम वासी, मुख्यमंत्री से लगी आश



**अमानगंज।** जनपद पंचायत गुनौर के क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज से लगी ग्राम पंचायत जिजगांव के मडिया राव एवं पिपरिया खुर्द डामरी कृत रोड के लिए आज भी आस लगाए बैठे हैं जहां प्रदेश सरकार एक तरफ चाहु मुखी विकास के लिए प्रयास कर रही है वहीं पर इन दो ग्रामों की जनता अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है बरसात के दिनों में इन दो ग्राम की जनता को भारी मुसीबत से कम नहीं है जहां पर आबा गवन पूर्णता बंद होने की स्थिति में पहुंच जाता है यदि किसी को रात्रि के समय कोई परेशानी या बीमारी होती है तो खटिया के सहारे मेन रोड तक लाना पड़ता है गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ राजेश वर्मा जी के द्वारा प्रयास तो किया जा रहे हैं परंतु कानूनी प्रक्रिया के चलते डामरीकरण सड़क की सौगात नहीं हो पा रही है यह गांव ग्राम पंचायत जिजगांव के दूरस्थ क्षेत्र में आते हैं जहां पर चारों तरफ से आबा गवन की कोई सुविधा नहीं है कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री सड़क योजना मैं इन दोनों ग्रामों को जोड़ा गया था परंतु भ्रष्टाचार चरम पर होने के कारण ठेकेदार एवं अधिकारियों ने आधा अधूरा रोड छोड़कर राशि का बंदर बाट करते हुए पूर्णता लगा दी गई है अब जिस से बरसात के सीजन में दोनों ग्राम की जनता को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है ऐसे अमानगंज क्षेत्र में दर्जनों ग्राम है जहां पक्की सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है आज अमानगंज विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय की सभा होने जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता में आस की उम्मीद जगी है अब देखना है की प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय गुनौर विधानसभा के लिए कौन-कौन सी सौगात देते हैं।

## प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव क्षेत्रिय जनता की मांगे करें पूरी : कुलदीप सिंह

### समाचार पत्रों, सोशल मीडिया एवं संबंधितों के माध्यम से भेजेंगे मुख्यमंत्री तक मांग पत्र



**पन्ना।** अमानगंज में होने वाले मुख्यमंत्री डष् मोहन यादव के कार्यम में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसमें कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह डिघौरा ने गुनौर विधानसभा क्षेत्र 59 में विकास कार्यों के सम्बन्ध में मांग पत्र तैयार कर समाचार पत्रों, सोषल मीडिया, एवं प्रषासन के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री जी एवं क्षेत्रीय विधायक महोदय द्वारा कई बार मंच से घोशणाये की गई थी एवं आमजन व प्रतिनिधियों की मुख्य मांगे जो क्षेत्र के विकास को एक नई दिषा देंगी जो समय पर स्वीकृति प्रदान करें जो मुख्य है। अमानगंज को नवीन जनपद पंचायत का गठन कर मुख्यालय बनाया जाए। गुनौर उप कृशि उपज मंडी को स्वतंत्र कर पूर्ण मंडी का दर्ज़ा दिया जाए जिससे किसानों को उचित व्यवस्था व लाभ मिल सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज का उन्नयन कर सिविल अस्पताल किया जाय। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर का उन्नयन कर सिविल अस्पताल किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेन्द्रनगर का उन्नयन कर सिविल अस्पताल किया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा का उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किया जाए। गुन्नू सागर तालाब गुनौर एवं महेवा ग्राम में स्थित प्राचीन तालाब का गहरीकरण विस्तार व सौंदर्यीकरण कराया जाए। सलेहा उप तहसील को स्वतंत्र तहसील किया जाए। सलेहा में नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाए। गुनौर एवं देवेन्द्रनगर महाविद्यालयों में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रारंभ कर स्नातकोत्तर किया जाए। नगर परिशद ककरहटी में नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाए। गुनौर में पष्लीटेक्निक महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान करें जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए सुविधा हो सके। गुनौर, सलेहा, ककरहटी, महेवा में बच्चों के खेलने के लिए सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम की मांग लम्बे समय से की जा रही है उसको स्वीकृति प्रदान करें। षासकीय उच्चतर विद्यालय महेवा एवं सलेहा का उन्नयन कर सांदीपनि विद्यालय के रूप में उन्नयन करने की स्वीकृति प्रदान करें।, षासकीय कन्या हाई स्कूल गुनौर का उन्नयन कर हायर सेकेंडरी किए जाने की स्वीकृति प्रदान करें।, जिससे क्षेत्र की जनता एं ज न प्रतिनिधियों द्वारा की जा रही माँगों को प्राथमिकता में लेकर स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें जिससे किसानों, युवाओं, महिलाओं, एवं आमजन को सुविधाएं उपलब्ध हो

## महिनों से खुली पडी नाली ग्राहक और दुकानदारों दोनों को हो रही परेशानी



**पवई।** पन्ना कटनी मुख्य मार्ग पर करही तिराहा के पास सापिंग काम्प्लेक्स के सामने महिनों से खुली नाली दुकानदारों तथा ग्रहकों के लिए सिर दर्द बनी हुई । करीब डेढ माह दो माह पूर्व नाली सफाई कार्य किया गया था उसके बाद से आज तक नालियों को ढाका नही गया न ही दुकानों के सामने सरलीकरण करवाया गया ऐसी स्थिति मे दुकानदार और ग्राहक दोनो के लिए आने जाने मे हिक्कतों का सामना करना पड रहा है नगर परिषद द्वारा जनता से जुडी समस्याओ को गंभीरता से नही लिया।

### नगर के सुन्दरता मे लग रहा दाग-

करही तिराह नगर का सबसे भीड व चहलपहल वाला स्थान है यहां दर्जनों गांव के लोग खरीदी करने आते है। सापिंग काम्प्लेक्स के सामने खुली नाली दुकानों के उबडखाड एवं गंदगी का होना नगर की सुन्दर मे दाग लग रहा है। नगर परिषद बस्ती के अंदर कुछ करे या न करे लेकिन मुख्य मार्ग के दोनो तरफ तो ध्यान दे।

## मुख्यमंत्री आगमन को लेकर अमानगंज क्षेत्र की जनता में उत्साह

### लंबे समय से लंबित मांगों की हो सकती है पूर्ति

### सिविल अस्पताल, ब्लॉक मुख्यालय, फुल मंडी का दर्जा, नगर निकाय का उन्नयन जैसी प्रमुख मांग

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश का पन्ना जिला और पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा क्षेत्र अमानगंज नगर और क्षेत्र अपनी प्रमुख मांगों को लेकर लंबे समय से आस लगाए बैठा है लेकिन अब शायद सही समय और सही ग्रह अमानगंज के आ चुके हैं जब एक सक्रिय विधायक के कंधों पर क्षेत्र का विकास है और वह पूरी सक्रियता के साथ मैदान में आम जनता से सीधा जुड़े है और लगातार विकास के प्रयास मैदान से लेकर राजधानी तक कर रहे है तो आम जनता की आस और मजबूत हो गई अमानगंज नगर में सिविल अस्पताल की बात स्थानीय मीडिया सैकड़ो बार अपने पत्र में दे चुकी है इस बात की चर्चा क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा जी विधानसभा में भी रख चुके हैं। इसी तरह ब्लॉक मुख्यालय को लेकर तकरीबन तीस वर्षों से अमानगंज नगर, क्षेत्र की जनता पत्र प्रतिनिधियों के माध्यम से यह बात बार-बार लिखकर स्वयं अपने लोकप्रिय सांसद को हाथों से दे चुकी है इस बात का भी जिक्र क्षेत्रीय विधायक ने विधानसभा में रखी है यह दोनों ऐसी प्रमुख मांगे हैं जिनके पूरा होते ही अमानगंज नगर और क्षेत्र में विकास का पहिया तेज गति से दोड़ना शुरू हो जाएगा हालांकि अमानगंज नगर के विकास के लिए 11 से 12 सूत्रीय मांग पत्र पार्टी कार्यकर्ताओं के निवेदन पर क्षेत्रीय विधायक के हाथों से मुख्यमंत्री जी को सौप जा सकता है जिसमें सिविल अस्पताल ब्लॉक मुख्यालय एसडीएम कोर्ट की पदस्थापना अमानगंज को फूल मंडी का दर्जा देना 132 विद्युत के बी सब स्टेशन की स्थापना केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नगर निकाय से नगर पालिका का दर्जा देना गांधी चौक पर बड़े गांधी जी की प्रतिमा स्थापित कर मुख्य सड़क मार्ग का चौडीकरण करना अमानगंज पन्ना पुल का नवीन निर्माण शासकीय मंदिरों की जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराना, महाविद्यालय अमानगंज एम ए एम सी कक्षाओं की शुरुआत कराना , हमारे विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल करने जैसी मुख मांगे बताई जा रही है प्रदेश



सरकार के मुखिया के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में भारी उत्साह है जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अमानगंज नगर और क्षेत्र का विकास अब तेजी से दौड़ेगा विकास के बड़े-बड़े वरदान प्रदेश सरकार के मुखिया अमानगंज नगर और क्षेत्र की जनता को देंगे जो 5 सितंबर 2025 को प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव के अमानगंज आगमन पर पूरी होगी।

## खबर संक्षेप



### बच्चों की प्रस्तुतियां देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

छतरपुर। पर्यूषण पर्व के आठवें दिन गुरुवार को नगर के सभी जैन मंदिरों में उत्तम त्याग धर्म मनाया गया। इस दौरान सभी ने त्याग के महत्व को समझा और उसे जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी स्थित आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों ने रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ. सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पाठशाला की बहनों के मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने धार्मिक नाटकों और नृत्यों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने एक ग्रुप डांस प्रस्तुत कर मंदिर और पाठशाला जाने के लिए प्रेरित किया। शोभा जैन के निर्देशन में दर्शन प्रतिज्ञा नाटक का मंचन किया गया, जो एक मार्मिक और प्रेरक कहानी पर आधारित था। इस नाटक को देखकर सभी दर्शक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर पी.के. जैन ने किया। यह पूरा कार्यक्रम राकेश जैन वर्धमान मेडिकल और नवीन जैन फैशन पैलेस द्वारा प्रायोजित था। पाठशाला के संचालक मंडल ने सभी से अपने बच्चों को नियमित रूप से पाठशाला भेजने की अपील की, ताकि उन्हें संस्कारवान बनाया जा सके। पर्यूषण पर्व के नौवें दिन यानि की आज शुक्रवार को उत्तम आकिंचन पर्व मनाया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका चयन में अनियमितता का आरोप



छतरपुर। राजनगर जनपद के ग्राम खजवा निवासी युवक ने गुरुवार को गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में किए गए सहायिका चयन की प्रक्रिया में अनियमितताएं किए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से युवक ने चुनी गई सहायिका के दस्तावेजों की जांच किए जाने और नियु?क्ति को निरस्त करने की मांग की है। खजवा निवासी बृजमोहन पटेल ने बताया कि उसकी पत्नी साधना पटेल ने पंचायत के मजरा भौरयन पुरवा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 06 में रिक्त सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। इस संबंध में 30 अगस्त 2025 को अंतरिम सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें साधना का चयन नहीं हुआ। इसके बजाय सपना पुत्री रामचरन प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 15, राजनगर, जिला छतरपुर का नाम प्रथम स्थान पर दर्ज है। बृजमोहन ने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका नियुक्ति के लिए निर्धारित नियमावली के अनुसार, केवल वही महिला पात्र मानी जाती है जो विज्ञापन जारी होने की तारीख से पहले आंगनबाड़ी केंद्र के ग्राम पंचायत क्षेत्र की निवासी हो। उनके अनुसार, सपना प्रजापति न तो ग्राम खजवा की निवासी हैं और न ही उनका विवाह आज तक हुआ है। उन्होंने दावा किया कि सपना प्रजापति ने विज्ञापन की तारीख 19 जून 2025 के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। सपना ने 1 जुलाई 2025 को खजवा निवासी ललतेश प्रजापति के नाम का सहारा लेकर परिवार आईडी में अपना नाम दर्ज करवाया और उसी दिन ग्राम खजवा का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र भी हासिल किया। बृजमोहन ने यह भी बताया कि सपना प्रजापति वास्तव में वार्ड नंबर 15, राजनगर की निवासी हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में गलतियां हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि सपना प्रजापति के दस्तावेजों की जांच की जाए और उनके आवेदन को निरस्त किया जाए।

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस ग्रुप गठित

छतरपुर। प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी आदि कर्मयोगी अभियान अन्तर्गत छतरपुर जिला स्तर पर डिस्ट्रिक रेस्पोसिव गवर्नेंस ग्रुप का गठन अधोहस्ताक्षरी छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में किया गया है। दायित्वों में अध्यक्ष कलेक्टर जिला छतरपुर, नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत एवं सदस्य

## मोबाइल पाकर खिल उठे मोबाइल धारकों के चेहरे, एसपी का जताया आभार

# पुलिस ने खोज निकाले एक सैकड़ा गुमशुदा

पिछले कुछ महीनों में जिले के अलग-अलग इलाकों से चोरी हुए मोबाइलों को बरामद करने की मंशा से छतरपुर पुलिस द्वारा शुरु किए गए ऑपरेशन विश्वास के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।



छतरपुर।

गुरुवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एक बार फिर लगभग एक सैकड़ा गुम मोबाइल धारकों को वापिस लौटाए गए, जिससे मोबाइल धारकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने छतरपुर पुलिस की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन विश्वास के तहत वर्ष 2025 में छतरपुर पुलिस द्वारा अब तक कुल 321 मोबाइल खोजकर धारकों को वापिस लौटाए गए हैं।

पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान एसपी अगम जैन ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत गठित की गई टीम ने पिछले एक माह में कुल 101 मोबाइल रिकवर किए हैं, जिन्हें आज उनके धारकों को सौंपा गया है। श्री जैन ने बताया कि यह मोबाइल उत्तर प्रदेश के झांसी, महोबा और बांदा जिलों के अलावा मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के तहत सभी थानों के पुलिसकर्मियों को तकनीकी पोर्टल और मोबाइल सर्चिंग का प्रशिक्षण दिया गया था। उक्त प्र?शिक्षण लेने वाले पुलिसकर्मी लगातार वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर भी शिकंजा कसा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मोबाइलों को रिकवर करने के दौरान सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम ने मोबाइल स्नैचिंग करने वाले 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि बरामद मोबाइल छात्र-छात्राओं, मजदूरों, एनजीओ कर्मचारियों, किसानों और गृहणियों के थे, जो कि उन्हें वापिस दिए गए हैं। उक्त कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर, थाना प्रभारी बमनोरा उप निरीक्षक शिशिर तिवारी, प्रधान आरक्षक किशोर कुमार, आरक्षक धर्मराज, विजय सिंह, राजीव सिंह, मयंक यादव, अभय और अन्य थानों के प्रशिक्षित कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## नौगांव पुलिस ने 10 साल पुराने इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

**न्याय पथ अभियान के तहत अब तक पकड़े 433 आरोपी**

छतरपुर।

नौगांव पुलिस ने 10 साल पुराने मामले में फरार चल रहे 4 हजार रुपए के इनामी स्थाई वारंटी जंगी यादव को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य वर्षों से लंबित आपराधिक मामलों के फरार अपराधियों को पकडऩा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव पुलिस ने वर्ष 2015 के लूट और अवैध हथियार मामले में फरार चल रहे जंगी यादव उर्फ जंग बहादुर यादव को उसके पैतृक गांव लुगासी से गिरफ्तार किया। आदतन अपराधी जंगी यादव पर लूट और अवैध हथियार सहित 15 मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह, लुगासी चौकी प्रभारी ओशो गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि न्याय पथ अभियान के तहत नौगांव, बमीठा, मातगुवां, जुझार नगर, बिजावर, गौरिहार, गढ़ीमलहरा और ओरछा रोड थानों की पुलिस ने मिलकर 25 साल तक के पुराने हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण, दुष्कर्म, चोरी, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, अवैध हथियार और विस्फोटक अधिनियम जैसे 431 से अधिक मामलों में 5 लाख रुपये से अधिक के इनामी अपराधियों को पकड़ा है।

## कैट की प्रदेश स्तरीय बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल का हुआ भव्य स्वागत

**कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न**

छतरपुर।



बीते रोज कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा बैतूल में प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना था। सभी ने संगठन को और मजबूत बनाने और व्यापारियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में छतरपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी गोविंददास असाटी एवं छतरपुर जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री खंडेलवाल ने कहा कि, मैं स्वयं सबसे पहले एक व्यापारी हूँ और व्यापारियों की समस्याओं व हितों के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहूँगा। व्यापारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाना और उनके हितों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भारती, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल प्रदेश महासचिव श्री राजीव खंडेलवाल जी का भी आभार व्यक्त किया। भविष्य की रणनीति पर चर्चा के साथ ही संगठन की मजबूती के लिए नई संगठनात्मक नियुक्तियाँ भी की गईं। कैट के पदाधिकारियों ने यह संकल्प भी लिया कि वे व्यापारी वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और उन्हें दूर करने के लिए ठोस पहल करेंगे।

## त्यौहारों पर चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था पुलिस अधिकारियों ने निकाला पैदल मार्च



छतरपुर।

आगामी त्यौहारों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए छतरपुर पुलिस ने जिले में शांति, सुरक्षा, यातायात और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। बीती शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर के नेतृत्व में छतरपुर नगर में पैदल पेट्रोलिंग की गई। पुलिस अमला नया मोहल्ला से संकट मोचन, बसारी दरवाजा, गांधी चौक, महल तिराहा और छत्रसाल चौक सहित नगर के प्रमुख क्षेत्रों में पहुंचा, जहां आमजन से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई।

पुलिस ने नागरिकों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने, प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने, शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने, शांति भंग करने वाली गतिविधियों की तत्काल सूचना देने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री या अफवाहें न फैलाने की अपील की। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया गया। जिले के सभी नगरीय और ग्रामीण थाना व चौकी क्षेत्रों में निरंतर पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है ताकि सुरक्षा का माहौल बना रहे। शांति समिति की बैठकें मुख्यालय और सभी थाना क्षेत्रों में आयोजित की गई हैं। मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों और बाजारों में पुलिस बल तैनात किया गया है। पैदल पेट्रोलिंग में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मिक चौबे, अजाक निरीक्षक बलवीर सिंह, यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत, महिला थाना प्रभारी प्रतिभा श्रीवास्तव, ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, नगर के सभी थानों का बल, सशस्त्र बल, पुलिस लाइन और कार्यालय का बल शामिल रहा। छतरपुर पुलिस ने जिले के सभी नागरिकों से शांति और सहयोग के साथ पर्व मनाने और किसी भी समस्या या सूचना के लिए तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की है। आवश्यक सूचना और शिकायत के लिए पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7049101021 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही, स्थानीय थाना, चौकी और बीट प्रभारी के नंबर भी साझा किए जा रहे हैं।



## शहर में निकली ईद मिलाद-उन-नबी की बाइक रैली

## आज निकलेगा जुलूस, तैयारियां हुई पूरीं

छतरपुर।

गुरुवार को ईद मिलाद-उन-नबी के उपलक्ष्य में मुस्लिम समाज द्वारा छतरपुर में उत्साह के साथ बाइक रैली निकाली गई। यह रैली मस्तान शाह बाबा की मजार से शुरू हुई और डाकखाना चौराहे पर जाकर संपन्न हुई।

रैली के दौरान शहर में उत्सव का माहौल रहा और मुस्लिम समुदाय के युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज की ओर से बताया गया है कि आज यानि की शुक्रवार को ईद मिलाद-उन-नबी का मुख्य जुलूस शानो-शौकत के साथ शहर में निकाला जाएगा। यह जुलूस राजनगर रोड स्थित मुश्किल कुशा अली मैदान से शुरू होकर डाकखाना चौराहे तक पहुंचेगा। आयोजन को लेकर छतरपुर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो। पुलिस प्रशासन ने आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है ताकि यह पर्व उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जा सके। बाईक रैली के दौरान सीएसपी अरुण कुमार सोनी, सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे और कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन की व्यवस्था और सुरक्षा का जायजा लिया।

## कोयला मंत्रालय स्टार रेटिंग अवार्ड में एनसीएल ने लहराया परचम एनसीएल की 6 परियोजनाओं को मिली 5 स्टार रेटिंग व हुई सम्मानित

**ओपनकास्ट परियोजनाओं की श्रेणी में जयंत को प्रथम तथा खड़िया को मिला तीसरा स्थान**



सिंगरौली। गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित स्टार रेटिंग अवार्ड में एक बार फिर परचम लहराया है। एनसीएल की 6 परियोजनाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रतिष्ठित 5 स्टार रेटिंग मिली है ।मुंबई में आयोजित अवार्ड कार्यक्रम में माननीय केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार जी. किशन रेड्डी और माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री,भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे द्वारा एनसीएल को स्टार रेटिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार विक्रम देव दत्त, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया, अनुषंगी कंपनियों एवं अन्य कोयला उद्योग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।एनसीएल की ओर से ये पुरस्कार सीएमडी बी.साईराम, निदेशक (तकनीकी) सुनील प्रसाद सिंह, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकगणों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रहण किए।'स्टार रेटिंग अवार्ड' कार्यक्रम में कोल इंडिया सहित देश भर की विभिन्न कोयला कंपनियों की वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 5-स्टार रेटिंग वाली खदानों को पुरस्कृत किया गया। ओपनकास्ट श्रेणी में 30 खदानों को पुरस्कार दिए गए जिसमें एनसीएल की 6 खदानें जयंत, खड़िया, झिंगुरदा, कृष्णशिला, ब्लॉक-बी व निगाही सम्मानित हुईं हैं। एनसीएल की जयंत परियोजना को विभिन्न मानकों के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए ओपनकास्ट खदानों की श्रेणी में देश की सर्वश्रेष्ठ खदान के खिताब से नवाजा गया है। इसी कड़ी में एनसीएल की खड़िया खदान को भी तृतीय स्थान हासिल हुआ है। कोयला मंत्रालय द्वारा शुरू की गई 'स्टार रेटिंग' प्रणाली के तहत खदानों का सात प्रमुख मानकों जैसे खनन कार्य संचालन, पर्यावरण से जुड़े मानकों, प्रौद्योगिकियों को अपनाने, श्रेष्ठ खनन व्यवहारों, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनःस्थापन व श्रमिक संबंधी अनुपालन तथा सुरक्षा व बचाव में विभिन्न कारकों के आधार पर अवलोकन कर अंक आवंटन किया जाता है। इस स्टार-रेटिंग प्रणाली का उद्देश्य सतत एवं हरित खनन पद्धतियों को प्रोत्साहन देना, प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना तथा देश में कोयला खनन के समग्र निष्पादन और निरंतरता को बढ़ाना है।

## अग्निवीर योजना के तहत जिले में पब्लिसीटी ड्राइव का हुआ आयोजन

सिंगरौली



4 सितम्बर 2025/ जिले में भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निपथ योजना के तहत पब्लिसीटी ड्राइव का आयोजन कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला के निर्देशन में एवं गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिंगरौली, के मार्गदर्शन में एवं सुजन वर्मा उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली की गरिमामयी उपस्थिति में जिले के विभिन्न सस्थानों में किया किया गया है। जिसके तहत एयरफोर्स भर्ती पब्लिसीटी ड्राइव सेशन दिनांक 2 सितम्बर को प्रथम सत्र 11ः बजे से 1ः बजे तक तथा द्वितीय सत्र का आयोजन दोपहर 1:30 बजे से शायं 4 बजे तक आई.टी.आई सिंगरौली पचौर में आयोजित हुआ जिसमें 280 प्रतिभागी लाभांवित हुए। वही 3 सितम्बर का एयरफोर्स भर्ती पब्लिसीटी ड्राइय सेशन दिनांक के प्रथम सत्र का आयोजन 11:00 बजे से 01:00 बजे तक पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज बैढ़न के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ जिसमें 200 प्रतिभागी लाभांवित हुए। तथा 4 सितम्बर को एयरफोर्स भर्ती पब्लिसीटी ड्राइयव सत्र 11 बजे से 1 बजे तक शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. बैढ़न में आयोजित हुआ जिसमें 100 प्रतिभागी लाभांवित हुए। एयरफोर्स भर्ती पब्लिसीटी ड्राइव के तहत 4 सितम्बर को ही द्वितीय सत्र का आयोजन 1.30 बजे से 4 बजे तक शा. कन्या उ.मा.वि. बैढ़न में आयोजित हुआ जिसमें 100 प्रतिभागी लाभांवित हुए। उक्त आयोजन के दौरान भोपाल से आये एयरफोर्स योद्धा के तौर पर सार्जेंट राजीव एवं जे.डब्ल्यू.ओ. आनंद राज उपस्थित रहे। जिसमें भर्ती मापदण्ड पर चर्चा की गई। एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी दिखाई एव अपने जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त किये।

## खबर संक्षेप

### रीवा और मऊगंज में दो रैक से आज मिलेगी 2737 टन यूरियावितरण के लिए खरीदी केन्द्रों को 2737 टन यूरिया आवंटित

**रीवा।** किसानों के लिए 4 सितम्बर को देर रात यूरिया की दो रैक रीवा रेलवे स्टेशन पहुंच रही हैं। इनसे कुल 2737 टन यूरिया वितरण के लिए आ रहा है। इसे वितरण के लिए सभी वितरण केन्द्रों को आवंटित कर दिया गया है। अवकाश के बाद 8 सितम्बर से इसका वितरण किया जाएगा। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि भण्डारण केन्द्र चोरहटा को 350 टन, गुढ़ को 175 टन, चाकघाट को 150 टन, जवा को 150 टन तथा उमरी को 150 टन यूरिया खाद दी जा रही है। सहकारी समितियों से वितरण के लिए 1187 टन यूरिया जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को दिया जा रहा है। विपणन केन्द्र रायपुर कर्चुलियान को 25 टन तथा विपणन केन्द्र चाकघाट को 25 टन यूरिया आवंटित किया गया है। मऊगंज जिले में मऊगंज को 250 टन तथा हनुमना को 250 टन यूरिया दिया गया है। विपणन केन्द्र मऊगंज को 25 टन यूरिया आवंटित किया गया है। राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में यूरिया खाद का वितरण किया जाएगा। किसान अपनी एक सप्ताह की आवश्यकता के अनुसार खरीदी केन्द्रों से यूरिया प्राप्त कर सकते हैं। यूरिया खाद की दो अन्य रैक भी शीघ्र ही रीवा आएंगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए महिलाओं को विशेष अवसर

**रीवा।** रीवा संभाग में संचालित 25 आईटीआई संस्थानों में विभिन्न ट्रेड्स में महिलाओं को प्रवेश के लिए विशेष अवसर दिए जा रहे हैं। महिलाओं का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में कालेज लेवल काउंसलिंग का का छठवां चक्र तथा इसके बाद सातवां चक्र चलाया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई एसएन मिश्रा ने बताया कि संभाग में रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज तथा मैहर जिलों में संचालित आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश के लिए स्थान उपलब्ध हैं। निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के साथ महिलाएं अपने निकटतम आईटीआई में आवेदन करके निर्धारित ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकती हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर महिलाओं को प्रवेश दिया जाएगा।

### जिले में अब तक 747.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 747.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में 4 सितम्बर को 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 15 मिलीमीटर वर्षा सेमरिया तहसील में दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 1020 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 756.5 **मिलीमीटर, गुढ़ में 1129 मिलीमीटर, सिरमौर में 648.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 572 मिलीमीटर, सेमरिया में 668 मिलीमीटर, मनगवां में 699 मिलीमीटर तथा जवा में 487** मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। गतवर्ष इसी अवधि में 468.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

**शहर के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए इन पोस्टरों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर के साथ लिखा है रायशुमारी चोरी हो गई है**

# रीवा में पोस्टर पॉलिटिक्स, रायशुमारी चोरी हो गई के बैनर से पटा शहर, कांग्रेस में गुटबाज़ी खुलकर आई सामने

रीवा

रीवा जिले में अचानक उभरे एक पोस्टर ने कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में हलचल मचा दी है। शहर के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए इन पोस्टरों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर के साथ लिखा है रायशुमारी चोरी हो गई है कांग्रेस बचाओ इस कथन ने न केवल स्थानीय संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि हाईकमान तक नाराजगी की स्पष्ट गूंज भी पहुंचा दी है। बता दे यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पोस्टर किसने लगाए, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे कांग्रेस की गुटबाजी और भीतरघात से जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यह कदम असंतुष्ट कार्यकर्ताओं या आंतरिक रूप से उपेक्षित गुटों की ओर से उठाया गया हो सकता है। चर्चा है कि हाल ही में हुई जिला अध्यक्ष की नियुक्ति में रायशुमारी के नाम पर खानापूर्ति की गई और कुछ चुनिंदा चेहरों को ऊपर लाया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सच्चे जनाधार और मेहनत को नजरअंदाज करते हुए राजनैतिक संरक्षण और सिफारिशों को प्राथमिकता दी गई। ग्रामीण अध्यक्ष को तीसरी बार फिर अध्यक्ष बना दिया गया। वहीं शहर अध्यक्ष के लिए ऐसे चेहरे को सामने ले आए जिसकी किसी को उम्मीद ही नहीं थी। अशोक पटेल झब्बू को शहर अध्यक्ष बना दिया गया। बता दे अध्यक्ष के चयन पर ही बवाल मचना शुरू हो




गया है। भले ही कोई भी खुलकर इस फैसले का विरोध न कर रहा हो लेकिन अध्यक्ष के चयन से कोई भी खुश नहीं है। राजेन्द्र शर्मा को पार्टी ने बहुत मौका दिया लेकिन वह कोई बड़ा बदलाव और काम नहीं कर पाए। सरकार का खुल कर विरोध भी नहीं कर पाते। अशोक पटेल झब्बू को शहर की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन चर्चा है कि उनमें नेतृत्व क्षमता ऐसी नहीं है कि वह किसी विरोध को बढ़े स्तर तक ले जाएं। इसी बात का विरोध तेज हो गया है। पूरे शहर को पोस्टर से पाट दिया गया है। पोस्टर में रायशुमारी चोरी का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी तरफ




शहर में लगे पोस्टर को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि पार्टी में किसी तरह का अंतरकलह नहीं चल रहा है। यह सब विरोधी पार्टी की कारस्तानी है। बॉक्स गुटबाजी और संगठनात्मक अव्यवस्थारीवा कांग्रेस में गुटबाजी कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार मामला खुलकर सामने आ गया है। नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद से ही संगठन में खेमेबंदी तेज हो गई थी। पुराने और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता नेतृत्व से नाखुश हैं। उन्हें लगता है कि वर्षों की मेहनत के बावजूद उन्हें दरकिनार किया गया। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता भी इन निर्णयों से असहज हैं, लेकिन संगठनात्मक अनुशासन के चलते खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे। महापौर के इशारे पर अध्यक्ष बनाने की चर्चा राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि जिला अध्यक्ष की नियुक्ति में रीवा के महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की सिफारिश निर्णायक रही। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भी यही नाम कई उम्मीदवारों के चयन में प्रभावशाली माना गया था। इस बात को लेकर भी कार्यकर्ताओं में रोष है कि संगठन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जगह एक व्यक्ति विशेष की पसंद ने ले ली है। बॉक्स पोस्टर पॉलिटिक्स के पीछे हाईकमान को संदेश बता दे इन पोस्टरों के माध्यम से सीधे राहुल गांधी तक नाराजगी का संदेश पहुंचाने की कोशिश की गई है। पोस्टर की भाषा और उसमें प्रयुक्त वाक्यांश रायशुमारी चोरी हो गई है यह दर्शाते हैं कि कार्यकर्ता अब संगठन के भीतरी तंत्र पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, यह संगठनात्मक विफलता का संकेत है। जब फैसले पारदर्शी नहीं होते तो नाराजगी इस तरह उभरती है। बड़े नेताओं के आगे पीछे घूमने वालों को पद दिया जाता है, ईमानदारी से काम करने वाले कार्यकर्ताओं की कोई पूछपरख नहीं होती ऐसे में संगठन कैसे मजबूत होगा। बॉक्सभाजपा के लिए यह मौका कांग्रेस में चल रही अंदरूनी उठापटक का सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिलता दिख रहा है। रीवा पहले से ही भाजपा का गढ़ माना जाता है, और यदि कांग्रेस खुद को अंदर से मजबूत नहीं कर पाती, तो यह स्थिति आगामी निकाय व विधानसभा चुनावों में घातक साबित हो सकती है। बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जब एक पार्टी के अंदर ही लोकतंत्र नहीं है, तो वो देश में लोकतंत्र की बात कैसे कर सकती है, एक तरफ राहुल गांधी वोट अधिकार यात्रा तो निकाल रहे हैं लेकिन उन्हें अपनी ही पार्टी की परंपरा का ज्ञान नहीं, सरदार पटेल पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच वोटिंग हुई थी तब सरदार पटेल को 12 वोट मिले थे जबकि जवाहर लाल नेहरू को 2 वोट प्राप्त हुए थे लेकिन इसके बावजूद भी पंडित जवाहर लाल नेहरू विजयी घोषित हुए थे, और यही कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही, कांग्रेस में रायशुमारी कभी प्राथमिकता रही ही नहीं, इतिहास इसका गवाह है। बॉक्स पोस्टर लगाने वाले कर रहे साबित वे उस पद के लायक नहीं: राजेंद्र शर्मा कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा ने इस पूरे घटनाक्रम को अवांछित महत्वाकांक्षा का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, जब पद एक हो और दावेदार अनेक, तो असंतोष स्वाभाविक है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने आगे कहा कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर शीर्ष नेताओं की भी राय ली गई थी यहां तक की मध्यप्रदेश की अगर बात करें तो 8 से 10 ऐसे जिला अध्यक्ष बनाएं गए जिन्हे राहुल गांधी ने खुद फोन करके उनकी नियुक्ति कर दी, सीईसी के मेंबर ओमकार सिंह मरकाम को डिंडोरी का जिला अध्यक्ष बनाया गया मध्यप्रदेश के मंत्री रहे जयवर्धन सिंह को भी जिला अध्यक्ष बनाएं जाने पर सहमति बनी और वह बनेगें. कांग्रेस पार्टी अपने तरीके से काम करती है लेकिन संगठन में अनुशासन भी जरूरी है। पोस्टर लगाकर विरोध जताना यह दर्शाता है कि व्यक्ति स्वयं उस पद के योग्य नहीं है।

## समन्वय बनाकर सुचारू ढंग से खाद वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें : प्रभारी कलेक्टर



रीवा

प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने गूगल मीट के माध्यम से जिले में खाद वितरण के लिए समन्वय बनाते हुए सुचारू ढंग से व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले को प्राप्त होने वाली खाद का डबल लाक के माध्यम से 8 सितम्बर से वितरण किया जाएगा। जबकि सेवा सहकारी समितियों में उपलब्ध होने वाली खाद का वितरण शनिवार 6 सितम्बर व रविवार 7 सितम्बर को भी किया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार से गूगल मीट के माध्यम से जिले में खाद वितरण की व्यवस्थाओं के संबंध में की गई तैयारियों की प्रभारी कलेक्टर ने जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में खाद वितरण के लिए व्यवस्थाओं के संबंध में स्थानीय स्तर पर प्रचार माध्यमों से किसानों को अवगत कराएं। उपलब्ध खाद के साथ ही टोकन वितरण की व्यवस्था तथा अन्य जानकारियाँ स्थानीय स्तर पर इन माध्यमों से किसानों को दें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों से समन्वय बनाकर खाद का व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सेमरिया व मनगवां में इफको ई बाजार में खाद की उपलब्धता कराई जा रही है। यहाँ से भी किसान खाद प्राप्त कर सकेंगे। बैठक में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, जिला विपणन अधिकारी शिखा वर्मा, उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे।

## इलाज के दौरान रिटायर्ड इंजीनियर की मौत पर अस्पताल में हंगामा

**रीवा।** शहर के बहुचर्चित मिनर्वा अस्पताल एक बार फिर लापरवाही के आरोपों के घेरे में आ गया है। अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। मृतक की पहचान एनटीपीसी सिंगरौली के सेवानिवृत्त इंजीनियर संपतलाल वर्मा निवासी सतना के रूप में हुई है। परिजनों का दावा है कि मरीज की मौत कई दिन पहले हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने बिल बढ़ाने के उद्देश्य से इलाज का नाटक जारी रखा। परिजनों के अनुसार, संपतलाल वर्मा को 6 अगस्त को पैरालिसिस (लकवे) की शिकायत के बाद रीवा के मिनर्वा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर बताकर डॉक्टरों ने उसी रात ऑपरेशन की सलाह दी और यह भी कहा कि ऑपरेशन नहीं कराने पर जान का खतरा हो सकता है। परिजन इस दबाव में ऑपरेशन के लिए राज़ी हो गए। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद से ही मरीज को कभी होश नहीं आया। शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी और लगातार आईसीयू में रखा गया। बावजूद इसके, डॉक्टर लगातार कह रहे थे कि मरीज की स्थिति में सुधार हो रहा है। परिजनों को कुछ दिनों से संदेह था कि मरीज की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उन्हें गुमराह किया गया। बॉक्स दूसरे अस्पताल ले जाने की बात पर मचा हड़कंपजब परिजनों ने मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कही, तो अचानक अस्पताल प्रबंधन सक्रिय हुआ। परिजनों को बिल संबंधी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए और उसी रात मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद अस्पताल ने परिजनों को तुरंत अस्पताल से बाहर कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल




परिसर में जमकर हंगामा किया। आरोप है कि करीब 20 लाख रुपये खर्च करवाने के बाद भी मरीज को इलाज नहीं मिल पाया और समय रहते सही जानकारी न देकर जानबूझकर मौत को छुपाया गया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और शव को संजय गांधी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मरीज की मौत कब हुई और क्या वास्तव में इलाज में लापरवाही बरती गई। बॉक्स चिकित्सकों की टीम ने किया पोस्टमार्टमरिटायर्ड इंजीनियर की मौत पर अस्पताल प्रबंधन पर लगे आरोपों के बीच सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों को शांत कराया। परिजन को इस मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया। बुधवार को संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में चिकित्सकों की 3 सदस्यीय टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## निर्धारित स्थलों में ही गणेश प्रतिमाओं का करें विसर्जन - डॉ सोनवणेप्रभारी कलेक्टर ने गणेश विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण



**रीवा।** शहर में कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित करके गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। घरों में भी गणेश प्रतिमाएं विराजी गई हैं। जिले भर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन 6 सितम्बर अनंत चतुर्दशी को होगा। इस दिन पूजा-अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के साथ शहर में निर्धारित गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। रीवा शहर में छतुरिहा घाट, करहिया घाट एवं बिछिया घाट में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इनके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर प्रतिमाओं के विसर्जन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। निरीक्षण के समय अधिकारियों को निर्देश देते हुए प्रभारी कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि तीनों प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा, प्रकाश, वाहन पार्किंग, बैरिकेडिंग आदि की समुचित व्यवस्था करें। नदी में वर्तमान में तेज जल प्रवाह है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी से प्रतिमाओं का विसर्जन कराएं। विसर्जन स्थलों में पर्याप्त पुलिस बल एनडीआरएफ की टीम, गोताखोर तथा नगर निगम के कर्मचारी तैनात रहेंगे। डॉ सोनवणे ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम कुण्ड बनाए गए हैं। इनमें भी प्रतिमाओं का विसर्जन करें। नदी में तेज बहाव में किसी भी तरह की दुर्घटना हो सकती है। फूल मालाएं और अन्य पूजन सामग्री विसर्जन स्थल पर बनाए गए निर्धारित निर्माल्य कलशों में डालें जिससे नदी को प्रदूषण से बचाया जा सके। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने अधिकारियों को घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, पुलिस तथा नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन पर 7 सितम्बर नो फ्लाइंग जोन घोषित : कलेक्टर

मऊगंज।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 7 सितम्बर को जिले के बहुती एवं देवतालाब में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल बहुती जलप्रपात का भ्रमण, कॉलेज स्टेडियम परिसर, देवतालाब में शासकीय कार्यों का लोकार्पण, नवीन कार्यों का भूमिपूजन एवं आम जनसभा को संबोधित किया जाना है। जिसमे सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने बिना पूर्व आधिकारिक मंजूरी के किसी भी ड्रोन, गुब्बारे, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) या अन्य उपकरणों को कार्यक्रम स्थल के आसपास उड़ाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला मऊगंज, द्वारा लोकहित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से 7 सितंबर को सुबह 6 बजे से 24 घन्टे की अवधि तक के लिए जिला मऊगंज के अनुभाग मऊगंज अंतर्गत बहुती जलप्रपात कार्यक्रम स्थल के हेलीपैड, शिव मंदिर देवतालाब तथा कॉलेज स्टेडियम देवतालाब कार्यक्रम स्थल के हेलीपैड, शिवमंदिर मार्ग के दोनों ओर तरफ, 3 किमी की परिधि में ड्रोन, गुब्बारे,



पैराग्लाइडर, फ़्लाइंग ऑब्जेक्ट, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) या अन्य उपकरण या डिवाइसेस जो उड़ने/उड़ाने वाली प्रकृति में सम्मिलित हैं, को प्रतिबंधित किया गया है। कॉमर्सियल फ्लाइट्स इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन से मुक्त रहेगी। कार्यक्रम के दौरान उक्त आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर दोषी व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। क्रमांक-15-143-एसपी शुक्ल दूरसंचार लाइन मार्ग में खुदाई कार्य प्रतिबंधित।

## विपणन संघ के डीएमओ की संरक्षण में ब्लैक में बिक रही खाद
## सूचना के बाद भी नहीं की कोई कार्यवाही, खाद से लोड ट्रक पहुंचा सीधी

रीवा।

जिले में जहां एक तरफ यूरिया खाद का गभीर संकट है, वहीं दूसरी तरफ सहकारिता विभाग की मिलीभगत से ट्रकों से समिति मे जाने वाली यूरिया खाद रास्ते में ही ब्लैक कर दी जाती है। ऐसा ही एक मामला मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत पाडर का सामने आया है। यहां एक ट्रक से सीधी जाने वाली कई बोरी यूरिया खाद ग्राम पाडर में ब्लैक में बेच दी गई। बताया जाता है कि जिस समय यूरिया खाद बेची जा रही थी, उसकी शिकायत 1 सितंबर को विपणन संघ की डीएमओ शिखा सिंह वर्मा से की गई थी। इस संदर्भ में डीएमओ द्वारा एग्रीकल्चर की टीम भेज कर जांच कराने की बात कही गई, किन्तु मौके पर जांच करने कोई टीम ही नहीं पहुची। यदि टीम मौके पर पहुंचती तो ट्रक से सीधे ब्लैक में बेची जा रही यूरिया खाद का सनसनीखेज खुलासा हो जाता। जानकार सूत्रों की मानें तो क्षेत्रीय लोगों की शिकायत के बाद भी विपरण संघ की डीएमओ शिखा सिंह वर्मा द्वारा इस मामले को दबाने एड़ी चोटी का जोर लगाया



जा रहा है। यूरिया खाद से लोड ट्रक भी वहां से निकल गया, किन्तु उनके द्वारा इस मामले में किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई। यूरिया खाद से लोड ट्रक जब सीधी तरफ रवाना हुआ, उस दौरान भी डीएमओ शिखा सिंह वर्मा को इस आशय की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई गई। फिलहाल विपणन संघ की डीएमओ शिखा सिंह वर्मा की उदासीनता के चलते यूरिया खाद से लोड ट्रक मौके से निकल गया। प्रशासन के ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के कारण किसान यूरिया खाद के लिए दर-दर की ठोकरे खाने मजबूर हो रहा है। अभी भी ट्रेस किया जाए तो ब्लैक मे यूरिया खाद बेचने वाला ट्रक प्रशासन की पकड़ में आ सकता है। यह पहला वाकया नहीं जब इस तरह यूरिया खाद ब्लैक की गई। यह ट्रक हमेशा इस रास्ते से गुजरता है और यहीं खाद बेचकर निकल जाता है। जिस जगह पर ट्रक खड़ा था उस घर की भी फोटो ट्रक के साथ स्पष्ट देखी जा सकती है। आखिर इस ट्रक में खाद कहां से लोड हुई और इस रास्ते में ट्रक कैसे आया यह सवालों के घेरे में है। यदि इस मामले की गहराई से जांच की जाए तो सच्चाई उजागर हो सकती है। लेकिन विपणन संघ के अधिकारियों की मिलीभगत से ब्लैक में खाद बेचकर किसानों के बीच मे संकट का माहौल उत्पन्न किया जा रहा है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ यदि समय रहते कार्यवाही नहीं हुई तो किसानों के सामने यूरिया खाद का संकट संभवतः यूं ही बना रहेगा।

## जिले में गरीबों का हक छीनते रहे अमीर, खाद्य सुरक्षा योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, 3500 अपात्रों को नोटिस, कई आयकरदाता भी शामिल

**रीवा।** रीवा जिले में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वर्षों से चल रही व्यापक अनियमितताओं और फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ है। प्रारंभिक जांच में 3500 से अधिक ऐसे अपात्र हितग्राही पकड़े गए हैं जो नियमों के विरुद्ध शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे थे। इनमें कई आयकरदाता, संपन्न परिवारों के सदस्य, अवयस्क और 6 से 12 लाख रुपए तक सालाना आय वाले लोग शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच में यह सामने आया है कि इन अपात्रों को बीपीएल कार्ड जारी कर शासन की 28 विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा था। इसके तहत ये लोग वर्षों से गरीबों के लिए तय खाद्यान्न और अन्य सरकारी सुविधाएं हासिल कर रहे थे। जिले के नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के जिला प्रबंधक कमलेश तांडेकर ने बताया कि यह फर्जीवाड़ा बीपीएल कार्डधारियों की ई-केवायसी प्रक्रिया के दौरान सामने आया। जांच में जब हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति और दस्तावेजों का मिलान किया गया, तो हजारों ऐसे नाम सामने आए जो पात्रता की शर्तें पूरी नहीं करते थे। बइनमें कई ऐसे लोग भी हैं जो प्रतिवर्ष आयकर भरते हैं, कई की आय 12 लाख से ऊपर है और कुछ की उम्र 18 वर्ष से भी कम पाई गई है। तांडेकर के अनुसार, इन सभी 3500 अपात्र हितग्राहियों को नोटिस जारी कर उनसे गरीबी के प्रमाण मांगे गए हैं। यदि वे निर्धारित समय में वैध दस्तावेज




नहीं प्रस्तुत करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बाक्स कार्ड सरेंडर करने लगे फर्जी हितग्राहीप्रशासन द्वारा जारी नोटिस के बाद कुछ अपात्र हितग्राहियों ने अपने बीपीएल कार्ड स्वेच्छा से सरेंडर कर दिए हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि इन लोगों को खुद भी अपनी अपात्रता की जानकारी थी, बावजूद इसके वे वर्षों से योजनाओं का लाभ लेते रहे। यह भी चिंता का विषय है कि इतने बड़े पैमाने पर अपात्र लोगों को बीपीएल सूची में शामिल किस आधार पर किया गया? किस अधिकारी की लापरवाही या मिलीभगत से यह फर्जीवाड़ा चला इस पर अभी प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है।

## मऊगंज जिला विकास संघर्ष परिषद् ने देवतालाब विधायक को सौंपा मांगपत्र

**मऊगंज।** आगामी 7 सितम्बर 2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मऊगंज जिले के दौरा कार्यक्रम के तहत जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मध्यप्रदेश व विधायक देवतालाब गिरीश गौतम को जिले के जनहित के मुद्दों को मांगपत्र में शामिल किये जाने के आग्रह को लेकर 04 सितम्बर 2025 को विधायक गिरीश गौतम के भ्रमण कार्यक्रम के तहत बरहटा रोड मऊगंज में मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें जिले को रेल सेवा से जोड़ने, मऊगंज में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय की स्थापना, जिले में जिला प्रमुखों के कार्यालय के तहत प्रथम चरण में स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, जिला पंचायत, पी0एच0ई0 व जिला कोषालय (ट्रेजरी) के कार्यालय संचालित किये जाने मऊगंज जिले में व्याप्त बेराजगारों व मजदूरों की पलायन की विभीषिका के लिये उद्योग समूहों की स्थापना, जिले के अधीन देवतालाब विधानसभा में मौजूद ओड्डा नदी के गहरीकरण व चैंड़ीकरण कराकर किसानों के हित के साथ प्राचीन बहुती प्रपात के गौरव व छटा को



विद्यमान रहने की व्यवस्था, जिला मुख्यालय में स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष स्थित बरांव चैराहे पर ओवर ब्रिज के निर्माण, जिले के किसानों के कल्याण व उत्थान हेतु केन्द्रीय कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना, मऊगंज जिले में केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय का संचालन, जिले के प्राचीन स्थल शिव मंदिर देवतालाब, भगवान चतुर्भुज मंदिर चैहना (हनुमना), अष्टभुजा मंदिर (नईगढ़ी), हाटेश्वर धाम हाटा (हनुमना), गणेश धाम बरांव (हनुमना) को तीर्थस्थल का दर्जा दिलाने व पर्यटन स्थल घोषित कराये जाने, जिले में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के मुख्यालय मऊगंज में ही सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के स्पष्ट निर्देश दिये जाने से संबंधित 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर विधायक देवतालाब से उक्त मांगों को प्राथमिकता के आधार पर रेखांकित कर उनके समाधान किये जाने का आग्रह किया गया। मांगपत्र सौंपने वालों में जिला विकास संघर्ष परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य कर्दम ऋषि, पं. केशव प्रसाद मिश्र घुरेहटा, यज्ञनारायण द्विवेदी, विद्याधर मिश्र पैपखार, प्रकाश मिश्र मिश्र मण्डल मऊगंज, संतोष अवधिया बबलू सोनी, वेणीमाधव मिश्र बरहटा, सामाजिक कार्यकर्ता सतीष कुमार मिश्र शामिल थे। मांगपत्र ग्राह्य करते हुये विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने परिषद् की मांगो को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया।

**मुकदमे के फैसले के बारे में समंस**
(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक MJC Civil-384/25
प्रो.क्र. 1008/25
पे.ता. 10/10/25
न्यायालय (पी.एस.मरकाम) अष्टम जिला न्यायाधीश जिला-दुर्ग (छ.ग.)
**आवेदक-** सुनीता पटनाहा वगै.
**अनावेदक-** अश्विनी मिश्रा वगै.
बनाम - 15 अनु तिवारी आ. महेंद्र तिवारी उम्र 30 वर्ष 16. अभिषेक तिवारी आ. महेंद्र तिवारी उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी बोदा रोड़ ज्योति स्कूल के पास रीवा, जिला-रीवा (मध्यप्रदेश)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरुद्ध पुर्नविलोकन याचिका अंतर्गत धारा-114 (1) व्य.प्र.सं. का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10 माह 10 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में हैं, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्ठि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। और अवकाश घोषित होने पर आगामी कार्यदिवस में आवेदन की सुनवाई की जायेगी। आज दिनांक 03/09/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(पी.एस. मरकाम)
अष्टम जिला न्यायाधीश, जिला दुर्ग (छ.ग.)